vkdk'kok.kh dUæ f'keyk

21-07-2024 18-00c t

ctV l=

संसद के बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में आयोजित सर्वदलीय बैठक सम्पन्न हो गई है। इस दौरान केन्द्र सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। बजट सत्र कल से शुरू होने जा रहा है, जो 12 अगस्त तक चलेगा। आम बजट मंगलवार 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

'kiFk

प्रदेश में हाल ही में सम्पन्न तीन विधानसभा उपचुनाव में नव निर्वाचित विधायकों को कल शपथ दिलाई जाएगी। शपथ समारोह राजधानी शिमला स्थित विधानसभा परिसर में होगा, जहां विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया विधायकों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। हाल ही में सम्पन्न उपचुनाव में देहरा से कमलेश ठाकुर, हमीरपुर से आशीष शर्मा जबकि नालागढ़ से हरदीप सिंह बावा विधानसभा चुनाव जीते हैं।

l;;=

राज्य सरकार हिम गंगा योजना के तहत कांगड़ा जिला के ढगवार में विश्वस्तरीय दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने जा रही है। करीब 2 सौ 50 करोड़ रुपये की लागत वाले इस संयंत्र से प्रतिदिन तीन लाख लीटर दुग्ध उत्पादन की योजना है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार इस संयंत्र में अत्याधुनिक तकनीक से दूध का पाउडर बनाया जाएगा, जिससे मांग से अधिक दूध को लम्बे समय तक संरक्षित किया जा सकेगा। इसके अलावा दही, खोया, घी, आईसक्रीम, फलेवर्ड मिल्क और पनीर सहित अन्य उत्पाद भी तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में दुग्ध उत्पादन से जुड़ी गतिविधियों की अहम भूमिका है, ऐसे में सरकार ग्रामीण आर्थिकी से जुड़े हितधारकों को सशक्त करने को विशेष अधिमान दे रही है।

lsc lhtu

प्रदेश में सेब सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। शिमला की ढली फल मंडी में जिले के उपरी इलाकों के अलावा मंडी जिले के करसोग क्षेत्र से टाइडमैन, स्पर, गाला, जेड–वन और रॉयल सहित अरली वेराइटी का सेब पहंच रहा है। फल मंडी में सेब के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरों पर रौनक देखने को मिल रही है। टाईडमैन किस्म के सेब एक हजार रुपए से डेढ़ हजार रुपए, रॉयल किस्म का सेब डेढ़ हजार रुपए से अढ़ाई हजार रुपए जबकि अरली किस्म के सेब का बॉक्स तीन हजार रुपए तक बिक रहा है। फल मंडी के आढ़ती ज्ञान चंद के अनुसार बागवानों को सेब की गुणवत्ता के अनुसार दाम मिल रहे हैं।

c;ku

कृषि मंत्री चंद्र कुमार और उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ऊना में हुई भाजपा की वर्किंग कमेटी की बैठक को महज गुणगान करार दिया है। एक संयुक्त बयान में इन नेताओं ने कहा कि विपक्ष शायद ये भूल गया है कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद भाजपा की लोकप्रियता में गिरावट आई है और केंद्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्मचारी हितैषी होने के दावे कर रही है जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा ने कर्मचारियों को वित्तीय लाभ न देकर उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के अधिकार से वंचित किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जनता को गुमराह करने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने अंतिम 6 माह के कार्यकाल में कई अनावश्यक संस्थान खोले हैं।

kfo!; fuf"k

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों की संख्या में इस वर्ष मई के महीने में 19 लाख पचास हजार की वृद्धि हुई है। यह वर्ष 2018 में पहला पे–रोल डेटा जारी होने के बाद से किसी एक महीने में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस वर्ष अप्रैल से नए सदस्यों की संख्या में दस दशमलव नौ छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार, संगठन के सदस्यों में मई 2023 के बाद से 19 दशमलव छह–दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समझा जाता है कि यह वृद्धि रोजगार के अवसरों में बढ़ोत्तरी, कर्मचारी के लाभों के प्रति बढती जागरुकता और संगठन के आउटरीच कार्यक्रमों के कारण हुई है। इस दौरान लगभग 14 लाख सदस्यों ने संगठन की सदस्यता दोबारा ली है।

fo t ; f#o l

कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ भाजपा इस वर्ष दो चरणों में 25 और 26 जुलाई को मनाएगी। राज्यसभा सांसद व कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम प्रभारी सिंकदर कुमार ने बताया कि पहले चरण में 25 जुलाई को विजय दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक मंडल में मशाल रैलियां निकाली जाएगी। इन रैलियों के दौरान कारगिल शहीदों की याद में कई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसी तरह दूसरे चरण में 26 जुलाई को वीरों की शौर्य गाथा पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।